तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज **मनीराम बनाम नगर विकास न्यास सीकर** **अपील संख्या जीसीएमएस नम्बर 2022/336**	नम्बर व तारीख अहकाम जो हुक्म की तामील जारी हुए
07.11.22	पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता अपीलान्ट उपस्थित उन्होने प्रार्थना पत्र अपील नोटप्रेस करने बाबत प्रस्तुत कर कथन किया है कि उक्त उनवानी प्रकरण में न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सीकर से तकासमा हो गया है तथा पक्षकारान के मध्य राजीनामा हो गया है तथा मौके पर कब्जे को लेकर अब कोई विवाद शेष नही रहा है। इसलिये अपीलान्ट अपील को आगे नही चलाना चाहते। अतः अपील अपीलान्ट नोटप्रेस में खारिज फरमाने के आदेश प्रदान करें। हमने पत्रावली का अवलोकन किया तथा अधिवक्ता अपीलान्ट की बहस पर मनन किया गया जिससे जाहिर होता है कि पक्षकारान के मध्य राजीनामा हो जाने से अपीलान्ट स्वयं ही अपनी अपील को आगे नही चलाना चाहते है तो ऐसी स्थिति में अब इस हस्तगत अपील को आगे चलाये रखे जाने का कोई औचित्य भी प्रतीत नही होता है। अतः उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलान्ट खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील पत्रावली दाखिल दफ्तर हो। आदेश सुनाया गया। 7/11/22 (अन्तरसिंह नेहरा) संभागीय आयुक्त, जयपुर।	